प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 18.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **जेटेट क्षेत्रीय भाषाओं में मगही–भोजपुरी और अंगिका को शामिल करने पर होगा विचार, मंत्रियों की कमेटी की पहली बैठक आज।**

2. **रेलवे ने गोमती नगर से खुर्दा रोड तक समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की, गोमो, गया, वाराणसी, जौनपुर और गोरखपुर होकर गुजरेगी रेल।**

3. **दुमका में अंतरराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार, निशानदेही पर पश्चिम बंगाल से चोरी के वाहन बरामद, पुलिस कर रही नेटवर्क की जांच ।**

4. **राज्य के कई हिस्सों में आज गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान, कल से अगले दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी।**

5. **ताशकंद में रग्बी सेवंस में भारतीय पुरूश टीम ने रजत पदक जीता, महिला टीम चौथे स्थान पर रही।**

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने **एआई और डीप टेक** को भविष्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य स्तंभ बताया है । कल अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के हर उभरते क्षेत्र में अग्रणी बन गया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 319 सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस कदम से राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था और भी मजबूत होगी। समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव भी उपस्थित रहेंगें।

****

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा, जेटेट में भोजपुरी, मगही और अंगिका भाषा को शामिल करने के लिए बनी सरकार की समिति की आज पहली बैठक होगी। इस समिति में पांच मंत्रियों को शामिल किया गया है। प्रोजेक्ट भवन में दिन के साढ़े 11 बजे से बैठक होगी। समिति में मंत्री दीपिका पांडे, राधा कृष्ण किशोर ,संजय यादव, योगेन्द्र प्रसाद और सुदिव्य कुमार सोनू शामिल हैं

****

झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से रांची में आज जनजातीय किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण के लिए "सशक्त" परियोजना का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

****

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राजधानी में पेट्रोल और डीजल की किल्लत की खबरों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घरों में अनावश्यक रूप से तेल जमा नहीं करने की अपील की है।

****

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 अभियान के तीसरे दिन धनबाद मंडल ने कल विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 'प्लास्टिक मुक्त यात्रा' के लिए व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत यात्रियों को दोबारा उपयोग योग्य

बोतलों के इस्तेमाल, प्लास्टिक प्रदूषण रोकने और रेल परिसर में कचरा न फेंकने की अपील की गई, साथ ही पोस्टर, उद्घोषणा और सीधे संवाद के जरिए पर्यावरण–अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

****

रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए गोमती नगर से खुर्दा रोड तक समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है, जो गोमो, गया, वाराणसी, जौनपुर और गोरखपुर होकर गुजरेगी। गोमती नगर से यह ट्रेन 28 मई से 18 जून तक हर गुरुवार और खुर्दा रोड से 30 मई से 20 जून तक हर शनिवार चलेगी, जिसमें धनबाद के यात्रियों के लिए गोमो और बोकारो के लिए भोजूडीह में ठहराव रहेगा।

****

हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इनके पास से ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक कार बरामद की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में एक का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है.

****

दुमका जिले में पुलिस ने सक्रिय अंतरराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तीनों की निशानदेही पर मुफ्फसिल और शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र से चोरी हुए दो ट्रैक्टरों को पश्चिम बंगाल से बरामद किया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य संभावित नेटवर्क की जांच कर रही है ।

****

कल जिल्हिज्जा का चांद नहीं दिखने के कारण देश भर में 28 मई को बकरीद मनाई जाएगी । यह घोषणा इमारत ए शरिया ने की।

****

राज्य के कई हिस्सों में आज गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया गया है । मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है

****

ताशकंद उज्बेकिस्तान में आयोजित पहले सीएएसए रग्बी सेवंस 2026 में भारत की सीनियर पुरुष टीम ने रजत पदक हासिल किया, जबकि सीनियर महिला टीम चौथे स्थान पर रही। पुरुष टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पुरूष टीम में झारखंड के डेविड मुंडा भी शामिल हैं ।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लिखे पत्र की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा....

दैनिक जागरण ने लिखा है– स्वीडन और नीदरलैंड्स के साथ रिश्तों को रणनीति साझेदारी में बदलेगा भारत ।

प्रभात खबर की सुर्खी है – जेटेट : भाषा विवाद सुलझाने के लिए आज बैठक करेंगे पांच मंत्री ।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– मध्यप्रदेश में राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच में आग, 15 मिनट में 68 यात्रियों को बचाया।

हिन्दुस्तान ने पहले पन्ने पर लिखा है – जलापूर्ति व्यवस्था पर मुख्य सचिव सख्त, सभी जिलों को त्वरित कार्रवाई के लिए कहा।

****